**भारत सरकार**
**मानव संसाधन विकास मंत्रालय**
**उच्चतर शिक्षा विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्याः 124**
**उत्तर देने की तारीखः 03.02.2020**

## यूजीसी

†**124. डॉ. टी.आर. पारिवेन्धः**
**श्री ए. गणेशमूर्ति:**
**श्री ए.के.पी. चिनराजः**

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि श्री एम.एम. सालुखे की अध्यक्षता में एक समिति ने ऑन-डिमांड सिस्टम परीक्षा संचालित करने के लिए एक नए राष्ट्रीय बोर्ड (यूजीसी) का सुझाव दिया है;
(ख) क्या नए राष्ट्रीय बोर्ड से देशभर के लाखों छात्रों की आवश्यकताओं का समाधन होगा;
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) नई प्रणाली ऑन-डिमांड परीक्षा को लाने के उद्देश्य और लक्ष्य क्या हैं; और
(ङ) नई प्रस्तावित ऑन-डिमांड परीक्षा की प्रमुख विशेषताएं क्या हैं?

**उत्तर**

मानव संसाधन विकास मंत्री
(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क): जी, हां। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने सूचित किया है कि समिति ने परीक्षा ऑन-डिमांड के संचालन के लिए एक राष्ट्रीय बोर्ड की स्थापना का सुझाव दिया है।
(ख) और (ग): यह प्रणालीर छात्रों को, विशेष रूप से जो खुले और दूरस्थ शिक्षा मोड के तहत नामांकित हैं, उनकी तैयारी के आधार पर मूल्यांकन करने के लिए लचीलापन प्रदान करने हेतु परिकल्पित की गई है।
(घ) और (ड.): समिति ने इस प्रणाली के लिए निम्लिखित मुख्य विशेषताओं की सिफारिश की है:
(i) संबंधित पाठ्यक्रम, अध्ययन सामग्री और प्रश्न बैंकों को उम्मीदवारों को उपलब्ध कराया जाना;
(ii) सभी के लिए उपलब्ध, कोई आयु सीमा नहीं, पात्रता के न्यूनतम आवश्यकताएं आदि;
(iii) प्रौद्योगिकी/आटोमेशन का उपयोग;
(iv) उच्चतम निर्भरता, खुलापन, विश्वसनीयता, पारदर्शिता ओर मान्यता सुनिश्चित करना।

*****